RNI.No. — GUJHIN/2012/45192



# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू. 1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:229 ता. 29 फरवरी 2024, गुरूवार, कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत (गुजरात) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश को अवैध खनन मामले में सीबीआई ने भेजा समन

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। सीबीआई की ओर से सीआरपीसी की धारा 160 के तहत समन भेजा गया है।




सीबीआई ने अखिलेश यादव को पूछताछ में गुरुवार को शामिल होने का समन दिया है। अवैध खनन घोटाला मामले में यह समन जारी किया गया है। अवैध खनन मामले में बतौर गवाह अखिलेश यादव को सीबीआई के समक्ष पेश होना है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है। 29 फरवरी को इस मामले में गवाही होनी है। सीबीआई की ओर से अखिलेश यादव को समन भेजे जाने से के उत्तर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमाना तय हो गया है। एफआईआर में गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

हिमाचल सीएम

### इस्तीफे की अफवाह भाजपा ने फैलाई

- क्रॉस वोटिंग करने वाले संपर्क में

**शिमला (एजेंसी)।** क्रॉस वोटिंग और मंत्री के इस्तीफे के बीच हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने साफ किया कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। भाजपा अफवाह फैला रही है।



सुक्खू ने कहा कि जिन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की, वो भी हमारे संपर्क में हैं। भाजपा पार्टी को तोड़ना चाहती है, लेकिन कांग्रेस संगठित है। पहले सुक्खू के इस्तीफे और फिर ऑब्जर्वर्स को इस्तीफे की पेशकश की खबर आई थी। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया कि हिमाचल में 25 विधायक वाली भाजपा, 43 विधायकों के बहुमत वाली कांग्रेस को चुनौती दे रही है।

### कहां है शाहजहां शेख! संदेशखाली कांड में नया मोड़

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी और विपक्षी पार्टी बीजेपी के बीच ठन गई है। बीजेपी की पश्चिम बंगाल इकाई के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि संदेशखाली के भगोड़े टीएमसी नेता शाहजहां शेख कल रात से राज्य पुलिस की सुरक्षित हिरासत में हैं।



वहीं सत्तारूढ़ टीएमसी ने शुभेंदु के दावे को निराधार और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वाला बताते हुए खारिज कर दिया है। टीएमसी ने जोर देते हुए कहा कि पुलिस शेख को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। नंदीग्राम से विधायक शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर दावा किया कि शेख मध्यरात्रि 12 बजे से पुलिस हिरासत में है।

पीएम ने तमिलनाडु को दी 17,300 करोड़ की सौगात

# कई प्रोजेक्ट किए लोकार्पित बोले- सच हमेशा कड़वा होता है

**पीएम बोले-यूपीए सरकार ने आपके विकास की फिक्र नहीं की**

**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17 हजार 300 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इनमें देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। इस वेसल को हरित नौका इनीशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी। पीएम ने 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 लाइट हाउसेस में पर्यटक सुविधाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसके अलावा 1,477 करोड़ की लागत से कन्याकुमारी, नागरकोइल और तिरुनेलवेली से चेन्नई तक के रेल प्रोजेक्ट्स और 4,586 करोड़ की चार सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा पीएम ने कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो के नए लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। ये कॉम्प्लेक्स 986 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। यहां से हर साल 24 लॉन्च किए जाएंगे।




- **तमिलनाडु के लोगों ने काशी को बहुत बड़ा उपहार दिया**- पीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया वे विकसित भारत के रोडमैप का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना भी देखने को मिलेगी। आज भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन फेरी लॉन्च की गई है। यह फेरी जल्द ही काशी में गंगा नदी में चलेगी, यह एक तरह से तमिलनाडु के लोगों का काशी के लोगों को बहुत बड़ा उपहार है।
- **मैरीटाइम सेक्टर की ग्रोथ से तमिलनाडु की ग्रोथ होगी**- पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारत मैरीटाइम और वाटरवेज के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आने वाले समय में मैरीटाइम सेक्टर की ग्रोथ कई गुना बढ़ने वाली है और इसका तमिलनाडु के तटीय इलाकों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

## मणिपुर में एएसपी की किडनैपिंग के खिलाफ पुलिस का प्रदर्शन

**कमांडोज ने अपने हथियार डाले, 200 लोगों ने एएसपी को घर से अगवा किया था**

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में मंगलवार को किडनैप हुए एडिशनल एसपी अमित मायेंगबाम को पुलिस और सुरक्षाबल ने छुड़ा लिया है। मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल के कैडर के 200 लोगों ने उनके घर से उनका अपहरण किया था। इंफाल ईस्ट की यह घटना मंगलवार शाम करीब 6.20 बजे की है।



बुधवार को मणिपुर पुलिस कमांडोज ने अपने हथियार डालकर इस घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि एएसपी अमित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इंफाल ईस्ट में एक बार फिर तनाव का मौहाल है। इस बीच स्थिति को कंट्रोल करने के लिए सेना बुलाई गई है और इलाके में असम राइफल्स की 4 टुकड़ियां तैनात की गई हैं। मंगलवार की शाम मैतेई संगठन के कुछ लोगों ने एएसपी अमित के घर पर हमला कर दिया।

## गुजरात के पोरबंदर में 3300 केजी ड्रग्स जब्त

- इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, 5 विदेशी तस्कर भी गिरफ्तार



**पोरबंदर (एजेंसी)।** गुजरात एटीएस, नेवी और सेंट्रल एजेंसी के संयुक्त ऑपरेशन के तहत मंगलवार को अरब सागर में भारतीय सीमा में 3300 किलो ड्रग्स जब्त की गई। इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 5 विदेश पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है। पैडलर्स के ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने की आशंका जताई जा रही है। कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की थीं। उसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गुजरात एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही थीं। इस ऑपरेशन के तहत समुद्री सीमा से मादक पदार्थों की अब तक की यह सबसे बड़ी जब्ती है। 3300 किलो ड्रग्स के साथ 5 विदेशी पैडलर्स ईरानी नाव में सवार थे।

## अंबानी परिवार ने जामनगर के गांववालों को दिया भोज

**कहीं हालारी पगड़ी पहनाकर तो कहीं आरती उतारकर हुआ अनंत का स्वागत**

**जामनगर (एजेंसी)।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग फंक्शन 1 से 3 मार्च तक जामनगर में होना है। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अंबानी परिवार जामनगर पहुंच गया है। मंगलवार की रात परिवार ने जामनगर के आसपास के गांवों में लोक डायरा (भजन-लोकगीत) और सामूहिक भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनंत अंबानी भी शामिल हुए।



इस मौके पर गागवा गांव के लोगों ने हालारी पगड़ी पहनाकर तो नवानिया गांव में महिलाओं ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया। जामनगर में खावड़ी के पास रिलायंस रिफाइनरी है। इसी के चलते अंबानी परिवार ने आसपास के कई गांवों में यह कार्यक्रम रखा था। गांव वालों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोक डायरा और भोज का कार्यक्रम कई गांवों में रखा गया था। खुद अनंत अंबानी ने कुछ गांवों में शिरकत की।

## कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के बाद लगे नारे पर विवाद

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में मंगलवार को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस कैंडिडेट सैयद नसीर हुसैन की जीत के बाद नारे लगाने पर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा का आरोप है कि हुसैन के समर्थकों ने मतगणना केंद्र से बाहर आने

भाजपा का आरोप

**कांग्रेस कैंडीडेट की जीत के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे**

के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा- ये मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तुष्टीकरण की राजनीति के खतरनाक खेल का नतीजा है। इसने देश विरोधी तत्वों और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' को बढ़ावा दिया है। हमने पुलिस से इसकी शिकायत की है। वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनीतिक सचिव नसीर हुसैन के कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे



लगे। पाकिस्तान को लेकर कांग्रेस का जुनून खतरनाक है। यह भारत को विभाजन की ओर ले जा रहा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। भाजपा के आरोपों पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा- भाजपा के अलावा मीडिया ने भी ऐसे आरोप लगाए हैं।

### 3 मार्च को राजिम पहुंचेंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और सदानंद सरस्वती

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की धर्मस्व नगरी में आयोजित राजिम कुंभ कल्प में 3 मार्च को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के साथ वृंदावन और मध्यप्रदेश के संत भी पहुंचेंगे। उन्होंने राजिम कुंभ में पहुंचने की सहमति दे दी है। राजिम कल्प कुंभ समिति के सदस्य



गिरीश बिस्सा ने बताया कि डासना देवी मंदिर के महंत और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद महाराज, वृंदावन आश्रम के प्रेमानंद महाराज को भी न्योता दिया गया है। मध्यप्रदेश के गुरुशरण शर्मा पंडोखर सरकार भी राजिम पहुंचेंगे। राजिम कुंभ में स्थानीय कलाकारों द्वारा लगातार कार्यक्रमों का आयोजन करके भक्तिमय माहौल बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने इस तरह से कार्यक्रमों का आयोजन किया है, कि हर दिन भगवान राम से जुड़े हुए दो से चार कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। राजिम कुंभ में तीन महत्तवपूर्ण स्नान होंगे। पहला स्नान 24 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन होगा। दूसरा स्नान चार मार्च जानकी जयंती के दिन होगा।

## 400 करोड़ से बन रहे क्रिकेट स्टेडियम की होगी जांच

**21 दिन में 3 बड़े फैसले लेगा आरसीए, वैभव गहलोत के कार्यकाल की छानबीन शुरू**

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की राजनीति में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) एक बार फिर चर्चा में आ गया है। एसोसिएशन के चेयरमैन वैभव गहलोत इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में अब अगले 21 दिनों में राज्य सरकार और खेल विभाग आरसीए के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले हैं। खेल विभाग के स्तर पर आरसीए के बीते तीन वर्षों के काम-काज की जांच भी जल्द ही करवाई जाएगी। इस विषय में राज्य सरकार के स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और मुख्य सचिव सुधांश पंत के स्तर पर आरसीए के बारे में खास कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सबसे पहले 21 दिनों के भीतर एजीएम (एनुअल जनरल मीटिंग) बुलाई जानी है। इस मीटिंग के बाद आरसीए के संबंध में तीन बिन्दुओं पर काम किया जाएगा। बाहरी तौर पर आरसीए की इस राजनीतिक लड़ाई में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उनके पुत्र वैभव गहलोत एक तरफ हैं तो



दो दूसरे मोर्चों पर हैं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के पुत्र धनंजय सिंह खींवसर और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम सिंह राठौड़। वैभव के इस्तीफा देने के बाद अब आरसीए की कुर्सी पर काबिज होने की लड़ाई कौन जीतेगा, इसका फैसला वैसे तो जिला संघों के पदाधिकारियों के हाथ में होगा, लेकिन आम तौर पर जिधर राज्य सरकार का संकेत होगा, वो पलड़ा स्वाभाविक रूप से भारी हो जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर ने बताया कि बहुत जल्द सब कुछ पटरी पर आ जाएगा।

### उदयपुर के गर्ल्स हॉस्टल को 1 करोड़ देंगे अक्षय कुमार

- बच्चों को सरप्राइज देने पहुंचे, कॉपियां देखीं

**उदयपुर (एजेंसी)।** उदयपुर के राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद हरिओम आश्रम को अक्षय कुमार 1 करोड़ रुपए दान देंगे। यह हॉस्टल फिल्म स्टार अक्षय कुमार के पिता को समर्पित है। बुधवार सुबह अचानक अक्षय इस हॉस्टल पहुंच गए और बच्चों के साथ खूब मस्ती की। यहां की आरती में भी शामिल हुए। बच्चों की कॉपियां भी जांचीं। राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक लालूराम ने बताया- खेरवाड़ा के खोखादरा गांव में परिषद का हॉस्टल है। रोज की तरह बुधवार सुबह करीब 8 बजे यहां आरती हो रही थी। अचानक कई गाड़ियों का काफिला यहां रुका। सभी चौंक गए। सब सोचने लगे कि इतनी गाड़ियां एक साथ हॉस्टल में कहां से आ गईं।



## गगनयान के अंतरिक्ष यात्री पहनेंगे रूस का 'कवच'

**अंतरिक्ष में भारत को मिलेगी दोगुनी सुरक्षा, मिशन की बड़ी तैयारी**

**मॉस्को (एजेंसी)।** भारत मंगल ग्रह तक अपना अंतरिक्ष यान और चांद पर लैंडर और रोवर पहुंचा चुका है। अब भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो इंसानों को स्पेस में पहुंचाना चाहती है। भारत पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान की तैयारी कर रहा है। इस पहली इंसानी उड़ान के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन हो गया है। मिशन के लिए रूस में बना स्पेससूट अंतरिक्ष यात्री पहनेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चालक दल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रूस में बने अंतरिक्ष सूट पहनाने की प्रारंभिक योजना पर कायम है। हालांकि भारत ने भी स्वदेशी इंट्रा वेहिकल एक्टिविटी सूट पर काम किया है, जिसे विक्रम साराभाई स्पेस की ओर से विकसित किया गया था। अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक प्रोग्रामेटिक जरूरतों को देखते हुए और चालक दल की सुरक्षा को दोगुना करने के लिए गगनयान मिशन के लिए रूसी अंतरिक्ष सूट के इस्तेमाल को प्लान किया गया है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर सुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। भारत और रूस की फैसिलिटी में गगनयान मिशन के लिए यह पिछले पांच साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चारो अंतरिक्ष यात्री सूट ट्रायल के लिए पहले ही रूस जा चुके हैं। रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस की सहायक कंपनी ग्लावकोस्मोस ने पिछले साल एक बयान में कहा, 3 सितंबर 2023 को भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों ने ज्वेज्दा का दौरा किया, जहां स्पेससूट उत्पादन के लिए उनका नाप लिया गया। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने पिछले महीने कहा था कि साल 2024 गगनयान का वर्ष होगा।

# सूरत के डुमस में कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग, टाइम सिग्नल का सहारा लेकर बाहर भागे मजदूर





**सूरत।** सूरत के डुमस इलाके में एक कपड़ा गोदाम में अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को देने के बाद तीन फायर स्टेशनों से 8 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जहां फायर कर्मियों ने पानी चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के डुमस पुलिस के पास बंसारी फार्म के सामने एक कपड़े का गोदाम है, जहां आज दोपहर चार बजे अचानक आग लग गई। तो गोदाम में काम करने वाले दो-तीन मजदूर बाहर चले गए। कपड़ा गोदाम में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। कपड़े के गोदाम में आग लगने के कारण वेसू मथुरा और अडाजण तीन फायर स्टेशनों से 8 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

गोदाम में काम करने वाले कवि नाम के युवक ने बताया कि आग गोदाम के पीछे झाड़ियों में लगी, जिसके बाद फैलती हुई हमारे गोदाम तक पहुंच गई. जिस वक्त आग लगी उस वक्त दो से तीन मजदूर काम कर रहे थे। जिसे टाइम इंडेक्स का उपयोग करके बाहर निकाला गया। इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ।

## दक्षिण पूर्व ( लिंबायत ) जोन क्षेत्र में मीठीखाड़ी से नीलगिरि सर्कल तक 24.00 मीटर चौड़ी “0” दबाव सड़क के उद्घाटन का विवरण

**सूरत।**

सूरत महानगर पालिका के दक्षिण पूर्व (लिंबायत) जोन क्षेत्र में एफएटीपी स्कीम नंबर-39 (उधना-लिंबायत) के मीठीखाड़ी से नीलगिरि सर्कल तक 24.00 मीटर चौड़ी “0” दबाव वाली सड़क के कारण होने वाले दबाव को दूर करने का कार्य दिनांक 27/02/2024 को आरंभ किया गया, जिसका संदर्भ दिनांकित है 28/02/2024 को नीलगिरि सर्कल से मीठीखाड़ी तक “0” दबाव सड़क से प्रभावित शीट शेड (लगभग 540.00 वर्ग फीट) और शीट शेड की 93 दुकानें (लगभग 2232.00 वर्ग फीट) हटा दिए गए। 1,22,000/- रूपये का जुर्माना वसूला गया। सड़क खोलने के लिए 01 पीआई, 05 पीएसआई, 78 कांस्टेबल, 10 ट्रैफिक पुलिस, 05 ठेला-बेलदार, सुरक्षा स्टाफ और तकनीकी स्टाफ की मदद से दबाव राहत कार्य किया गया है. सूरत नगर निगम द्वारा 24.00 मीटर चौड़ी इस सदर सड़क के उद्घाटन के साथ, मीठीखाड़ी से नीलगिरि सर्कल तक सदर क्षेत्र में यातायात का भार काफी कम हो जाएगा, जो घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इसके अलावा, ये सभी कार्रवाई सूरत नगर निगम द्वारा दक्षिण पूर्व जोन के उपायुक्त और कार्यकारी अभियंता के नेतृत्व में पूरी की गई है।

# सूरत के बजट में पैसा होने के बावजूद समिति के बच्चे खेल महोत्सव से वंचित हैं




**सूरत।**

शिक्षा समिति में विपक्ष के नेता ने समिति के अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया है. बच्चों के खेलने के लिए बजट में पैसा आवंटित किया जाता है, लेकिन हुक्मरानों की निष्क्रियता के कारण बच्चे समय पर इसका लुत्फ नहीं उठा पाते। नगर प्राथमिक शिक्षा समिति के अध्यक्ष तो बदल गये, लेकिन प्रशासन में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। बच्चे खेल से वंचित।

व्यायाम और खेल शिक्षा के साथ-साथ जीवन का भी अभिन्न अंग हैं। इस पर गंभीरता से काम करना हर शिक्षण संस्थान का कर्तव्य है। नगर प्राथमिक शिक्षा समिति के बजट में शारीरिक शिक्षा और खासकर खेलकूद के लिए पैसा आवंटित किया जाता है, लेकिन उचित नियोजन के अभाव में पैसे का सदुपयोग नहीं हो पाता है। परिणामस्वरूप बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। 2020-21 में स्कूली खेलों पर केवल 4.71 लाख रुपये, 2022-23 में केवल 3.05 लाख रुपये और 2023-24 के पहले 6 महीनों में केवल 1.54 लाख रुपये खर्च किए गए।

**शीतकाल में बच्चों को खेल महोत्सव में खेलने की अनुमति नहीं होगी**

नगर प्राथमिक शिक्षा समिति के प्रतिपक्ष नेता राकेश हिरपारा ने कहा कि खेल महोत्सव शीतकाल में होना है, इसलिए बजट में पैसा आवंटित किया जाता है, फिर इसकी योजना पहले से क्यों नहीं बनाई जाती? यह काम हर साल देर से क्यों होता है? पिछले साल भी खेल महोत्सव फरवरी के अंत और मार्च की शुरुआत में आयोजित किया गया था। गर्मी बढ़ने से बच्चे काफी असहज थे। जल्दबाजी के लिए किये गये कार्यक्रम दिल को कायम नहीं रखते। इस मामले पर बार-बार महासभा के माध्यम से सभापति का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, लेकिन इस वर्ष भी इस स्थिति में कोई सुधार नहीं देखा गया है। इस वर्ष खेल महोत्सव का आयोजन गर्मी शुरू होने से तुरंत पहले किया जाना चाहिए और हर वर्ष खेल महोत्सव का आयोजन समय पर किया जाना चाहिए।

# अवैध रूप से बिक रही सिगरेट की मात्रा के साथ व्यापारी गिरफ्तार



**सूरत।** सूरत के अडाजण इलाके में एसओजी पुलिस ने एक तंबाकू कारोबारी के यहां छापा मारा। पुलिस को व्यापारी द्वारा प्रतिबंधित स्वास्थ्य चेतावनी के बिना अवैध रूप से बेची जाने वाली सिगरेट और ई-सिगरेट की मात्रा मिली। पुलिस ने ऐसी 12 से अधिक सिगरेट जब्त कर कारोबारी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसओजी पुलिस की एक टीम ने दुकान पर छापा मारा।

सूरत एसओजी पुलिस सूरत शहर में बिना स्वास्थ्य चेतावनी के अवैध रूप से सिगरेट, ई-सिगरेट और ई-हुक्का बेचने वाले पान गल्लों और थोक तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कड़ी नजर रख रही है। इस बीच, एसओजी के हेड कांस्टेबल शैलेश कांतिलाल को सूचना मिली कि अडाजण अलीशान कॉम्प्लेक्स की दुकान नंबर जी-10 में थोक तंबाकू बेचने वाले अंबिका ट्रेडर्स ने अवैध रूप से बेची जाने वाली सिगरेट की मात्रा बिक्री के लिए रखी है। सूचना के आधार पर एसओजी पुलिस टीम ने दुकान पर छापा मारा।

एसओजी पुलिस ने दुकान पर छापा मारा और स्वास्थ्य चेतावनी के बिना अवैध रूप से बेची जाने वाली एसेलाइट, डेजाराम ब्लैक और वीन किंग साइज की सिगरेट बरामद की।

पुलिस ने दुकान से रुपये बरामद किये. 12 हजार रुपये कीमत के 61 पैकेट जब्त कर दुकानदार मनीष उत्तम पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना को लेकर एसओजी पुलिस ने अडाजण पुलिस में मामला दर्ज कर आरोपी दुकानदार मनीष की हिरासत अडाजण पुलिस को सौंप दी है। फिलहाल इस मामले में अडाजण पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# सूरत में 35 साल के शख्स की धड़कन रुकी: सीने में दर्द होने पर दोस्त के साथ रिक्शे से अस्पताल पहुंचा लेकिन बच नहीं




**सूरत।**

सूरत समेत राज्य में हार्ट अटैक से मौतें बढ़ रही हैं। उस वक्त आशंका जताई जा रही है कि सूरत में एक और युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई. 35 वर्षीय युवक को सीने में दर्द होने पर एक दोस्त अस्पताल ले गया। हालांकि, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार का सहारा छिन गया है। वह सिलाई मशीन चलाकर अपना जीवन यापन करता था।

जानकारी के मुताबिक, 35 वर्षीय जितेंद्र कुमार गौतम मूल रूप से उत्तर प्रदेश और सूरत के पर्वतगाम इलाके में स्थित संतोष नगर में रहते थे। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं जो पैतृक भूमि पर रहते हैं। वहीं, जीतेंद्र 8 महीने पहले रोजगार की तलाश में सूरत आया था और दोस्तों के साथ रह रहा था। वर्तमान में, वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सिलाई मशीन ऑपरेटर के रूप में काम कर रहे थे।

कल जितेंद्र घर पर मौजूद था। इसी बीच अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा. तो साथी दोस्त दवा लेकर आये और वह थोड़ा ठीक हो गये। इसके बाद दोबारा सीने में दर्द होने पर साथी दोस्त जितेंद्र को रिक्शा में लेकर स्मीमेर अस्पताल पहुंचे। हालांकि, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. परिवार में मातम।

युवक की मौत की सूचना जब गृहनगर में रह रहे परिवार को दी गई तो पत्नी सदमे में आ गई। जब दो बच्चों के सिर से पिता की छत्रछाया छिन गई तो परिवार में मातम छा गया। फिलहाल आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। वहीं परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव को घर ले जाने का प्रयास किया गया।




**सूरत। बाजरा जैसी फसलों का भोजन में अधिक से अधिक उपयोग कर लोग स्वस्थ एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इसके लिए, राज्य सरकार के कृषि, किसान कल्याण और सहायता विभाग द्वारा सूरत शहर में 1 से 3 मार्च तक शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक श्री दयालजी अनाविल केलवानी मदाल दयालजी देसाई चौक, मजूरागेट, सूरत में बाजरा एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्घाटन एक मार्च को शाम चार बजे मंत्री द्वारा किया जायेगा। इस महोत्सव में दक्षिण गुजरात के जिलों में विभिन्न किसान समूहों द्वारा बाजरा और उनसे बने विभिन्न व्यंजनों और प्राकृतिक खेती द्वारा उत्पादित विभिन्न कृषि उत्पादों की लगभग 50 प्रदर्शनी और बिक्री स्टॉल लगाए गए हैं। मिलिटस व्यंजनों का एक खाद्य कोट रखा गया है। जिसमें बड़ी संख्या में शहरी निवासियों से लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।**

# सैमसंग द्वारा रु. 17,999 गैलेक्सी A15 5G के नए मेमोरी वेरिएंट की घोषणा की गई




**गुरुग्राम।** भारत के विशाल उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज रु. की घोषणा की। 16,499 रुपये में Galaxy A15 5G का नया स्टोरेज वेरिएंट 6GB+128 GB लॉन्च करने की घोषणा की गई है। नए स्टोरेज वेरिएंट के जुड़ने से गैलेक्सी ए15 5जी खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलते हैं। स्मार्टफोन वर्तमान में 8GB+256GB और 8GB+128GB स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध है और तीन ताज़ा रंगों ब्लू ब्लैक, ब्लू और लाइट ब्लू में आता है।

Galaxy A15 5G 2023 के लिए भारत का नंबर काउंटरप्वाइंट रिसर्च का कहना है कि बेचे गए 5G स्मार्टफोन गैलेक्सी A14 5G के पूर्ववर्ती हैं, और किफायती कीमतों पर परिवर्तनकारी नवाचार देने की सैमसंग की क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, जिससे वे भारत में लाखों उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन जाते हैं।

गैलेक्सी A15 5G में हेज़ फिनिश में ग्लासी बैक पैनल के साथ प्रीमियम अनुभव के लिए गैलेक्सी के सिग्नेचर डिज़ाइन दर्शन की सुविधा है। साइड पैनल पर मुख्य कुंजी द्वीप डिज़ाइन और फ्लैट लीनियर कैमरा हाउसिंग बेहतर पकड़ के लिए एक अद्वितीय सिल्हूट बनाते हैं।

Galaxy A15 5G में 6.5 इंच का सुपर AMOLED डिस्प्ले है, जो विजन बूस्टर के साथ 90Hz रिफ्रेश रेट और आंखों को आराम देने के लिए कम नीली रोशनी वाले डिस्प्ले के साथ एक सहज, उज्ज्वल और अनुकूलन योग्य देखने का अनुभव बनाता है।

Galaxy A15 5G में प्रोफ़ाइल में उत्कृष्ट सेल्फी के लिए 13MP का फ्रंट कैमरा है, जिसमें अस्थिर या अस्थिर गतिविधियों से वीडियो में धुंधलापन या विकर्षण को कम करने के लिए VDIS के साथ 50MP ट्रिपल कैमरा सेटअप है।

# वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि में शीर्ष 10 निजी जीवन बीमाकर्ताओं में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने दर्ज की सबसे अधिक बढ़ोतरी

**पुणे।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से अपने बिजनेस पेरामीटर्स को बढ़ाना जारी रखा है। वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के परिणाम भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अन्य निजी खिलाड़ियों की तुलना में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

वित्त वर्ष 2024 में 9 महीने की अवधि के लिए कंपनी का व्यक्तिगत रेटेड नया व्यवसाय (IRNB) पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24% बढ़ा। यह उद्योग के औसत द्वारा प्रदर्शित वृद्धि का लगभग तीन गुना था। व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय (आईआरएनबी) में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की तीन साल (वित्त वर्ष 2020 से वित्तीय वर्ष 2023) 39% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) कंपनी के मजबूत विकास पथ की पुष्टि करती है। व्यक्तिगत व्यवसाय में मजबूत वृद्धि और प्राप्त नवीकरण प्रीमियम के कारण, कंपनी का GWP वित्त वर्ष 2024 के 9 महीनों में 14,860 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 13,028 करोड़ रुपये था।

ऑटो-भुगतान पंजीकरण, डिजिटल भुगतान इत्यादि जैसी पहलों के माध्यम से नवीनीकरण भुगतान प्रक्रियाओं को बढ़ाने पर मजबूत फोकस के कारण अधिकांश क्षेत्रों में लगातार बेहतर स्थिति बनी हुई है। 31 दिसंबर, 2023 तक पर्सिस्टेंसी 13वें महीने के लिए 83%, 37वें महीने के लिए 65% और 61वें महीने के लिए 51% थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की 9वीं तिमाही में नवीनीकरण प्रीमियम में 31% की मजबूत वृद्धि दर्ज की। पर्सिस्टेंसी में सुधार के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण यह संभव हुआ। इसके अतिरिक्त मजबूत आईआरएनबी विकास और विविध उत्पाद मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करने के कारण नए व्यापार मूल्य (एनबीवी) में 9त्न की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2023 के 9 महीनों के लिए 535 करोड़ रुपये से बढ़कर 9 महीनों के वित्त वर्ष 24 के लिए 581 करोड़ रुपये हो गया।

वित्त वर्ष 2024 की 9 महीने की अवधि के लिए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस की मुख्य व्यावसायिक विशेषताएं:

वित्त वर्ष 2024 के 9 महीनों के लिए कर के बाद लाभ 457 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह राशि 364 करोड़ रुपये थी। इस तुलना में 26% की वृद्धि दर्ज की गई है।

नवीनीकरण प्रीमियम में 31त्न की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

शीर्ष 10 निजी जीवन बीमा कंपनियों में पॉलिसियों की संख्या (एनओपी) में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई, इस अवधि में 4.92 लाख पॉलिसियां लिखी गईं।

प्रबंधन के तहत संपत्ति इस अवधि में एक लाख करोड़ रुपये के मील के पत्थर को पार कर गई और 31 दिसंबर, 2023 तक 1,04,737 करोड़ रुपये थी।

वित्तीय वर्ष 2024 के 9 महीनों में 3,996 करोड़ रुपये के साथ व्यक्तिगत रेटेड नए व्यवसाय में 24% की वृद्धि हासिल की, जबकि वित्त वर्ष 2023 के 9 महीनों में यह राशि थी 3,222 करोड़ रुपये।

दिसंबर, 2023 के अंत तक कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात प्रभावशाली 446% पर है, जो इसकी मजबूत वित्तीय स्थिरता और अपने दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को रेखांकित करता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )